**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 09.06.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – सरकार ने पिछले 12 वर्षों में युवाओं, महिलाओं और किसानों को सशक्त बनाया।

2. केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अंडमान निकोबार द्वीप समूह में विभिन्न जन–जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

3. केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में भूमि पत्तन प्रबंधन प्रणाली– विनिमय का शुभारंभ किया।

4. केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने आज उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर सरपंच सम्मेलन और परामर्श बैठक का आयोजन किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि सरकार ने पिछले 12 वर्षों में देश के युवाओं, महिलाओं और किसानों को सशक्त बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। सोशल मीडिया पोस्ट में मोदी ने कहा कि 140 करोड़ नागरिकों के आशीर्वाद और राष्ट्रप्रथम की भावना से प्रेरित होकर सरकार विश्वास, विकास और जन कल्याण के लिए समर्पित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन अथक प्रयासों के फलस्वरूप आज देश ने बुनियादी ढांचे से लेकर डिजिटल क्रांति तक वैश्विक मंच पर एक नई पहचान हासिल की है। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि विकसित भारत के अपने संकल्प को साकार करने के लिए सरकार सेवा, सुशासन और समृद्धि के इस पथ पर निरंतर आगे बढ़ती रहेगी।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने आज ही के दिन वर्ष 2024 को लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। अपने तीसरे कार्यकाल में सरकार ने आर्थिक विकास, बुनियादी ढांचे के विस्तार, सामाजिक कल्याण, रोजगार सृजन और वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति को मजबूत करने जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दे रही है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने अथक प्रयासों से एक भी दिन छुट्टी लिए बिना राष्ट्र और नागरिकों की सेवा की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व ने पिछले 12 वर्षों में सेवा भावना के माध्यम से

शासन को नया रूप दिया है और यह सुनिश्चित किया है कि विकास का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे।

<><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी के अंडमान एवं निकोबार प्रदेश अध्यक्ष अनिल तिवारी ने आज श्री विजयपुरम में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 जून से 21 जून तक विभिन्न जन–जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। श्री तिवारी ने कहा कि पिछले वर्षों में आधारभूत संरचना, सड़क, राजमार्ग, डिजिटल भुगतान, रक्षा तथा जनकल्याण के क्षेत्रों में अनेक पहल की गई हैं। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन हलदार ने कि विश्व पर्यावरण दिवस से शुरू हुए अभियान के अंतर्गत 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि द्वीप समूह में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए वर्मी कम्पोस्ट और प्राकृतिक खेती संबंधी शिविर आयोजित किए जाएंगे। श्री हलदार ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना सहित विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के संबंध में लोगों को जागरुक करने के लिए गांव–गांव संपर्क अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रमुख पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता और प्लास्टिक हटाओ अभियान भी चलाया जाएगा। इसके अलावा द्वीप समूह में हुए विकास कार्यों को प्रदर्शित करने के लिए प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

<><><><><><>

सरकारी ई–मार्केटप्लेस–जेम ने सार्वजनिक खरीद को पूरी तरह से डिजिटल कर दिया है। आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जेम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मिहिर कुमार ने कहा कि पिछले बारह वर्षों में पारदर्शिता, प्रौद्योगिकी, समावेशन और नागरिक–केंद्रित सेवा वितरण के बल पर भारत ने उल्लेखनीय वृद्धि की है। श्री कुमार ने कहा कि जेम पर भाग लेने वाले सूक्ष्म और लघु उद्यमों की संख्या 2016–17 में लगभग 23 सौ से बढ़कर आज लगभग 12 लाख हो गई है। श्री कुमार ने कहा कि जेम पर महिला स्वामित्व वाले सूक्ष्म और लघु उद्यमों की संख्या भी 2016–17 में दो सौ अड़सठ से बढ़कर आज 2 लाख 16 हजार से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि महिला उद्यमियों द्वारा की गई खरीद 8 करोड़ रुपये से बढ़कर तिरानबे हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गई है।

<><><><><><>

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में भूमि पत्तन प्रबंधन प्रणाली– विनिमय का शुभारंभ किया। इसका उद्देश्य तकनीकी सहायता से सीमा पार व्यापार और यात्रियों की आवाजाही को अधिक सुगम, पारदर्शी और सुरक्षित बनाना है। इस अवसर पर एकत्र जन–समूह को सम्बोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि यह प्रणाली आधुनिक और प्रौद्योगिकी संचालित सीमा प्रबंधन प्रणाली के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गृहमंत्री ने कहा कि भूमि पत्तन न केवल सीमा सुरक्षा और व्यापार को बढ़ाते हैं बल्कि अवैध कब्जों और गैर–कानूनी गतिविधियों को रोकने में भी मदद करते हैं। श्री शाह ने कहा कि सरकार डिजिटल प्रौद्योगिकी और सक्षम प्रबंधन प्रणालियां अपना कर सीमा सुरक्षा सुदृढ करने के प्रति वचनबद्ध है। भूमि पत्तन प्रबंधन प्रणाली एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसका निर्माण भूमि पत्तनों के बीच एकीकृत प्रणाली कायम करने के लिए किया गया है। इससे लॉजिस्टिक के सुरक्षित और वास्तविक समय आदान–प्रदान में मदद मिलेगी और भूमि पत्तनों को हवाई अड्डों तथा समुद्री बंदरगाहों के समान डिजिटल प्रणालियां प्रदान करने में मदद मिलेगी।

<><><><><><><>

देशव्यापी खेत बचाओ अभियान के तहत, केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने आज उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर एक सरपंच सम्मेलन और परामर्श बैठक आयोजित की। कार्यक्रम में प्रधान वैज्ञानिक और प्रमुख डॉ. वाई. रामकृष्ण ने द्वीप समूह में संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन और टिकाऊ कृषि प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए सभी हितधारकों के बीच समन्वित प्रयासों के महत्व पर जोर दिया। अंडमान निकोबार प्रशासन के कृषि निदेशक देबब्रत बसंतिया ने खेत बचाओ अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और मिट्टी के स्वास्थ्य को संरक्षित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने किसानों से समय–समय पर मिट्टी की जांच कराने का आग्रह किया। केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. जय सुंदर ने किसानों से जैविक और प्राकृतिक खेती के तरीके अपनाने को कहा। उन्होंने टिकाऊ पोषक तत्व प्रबंधन में मदद करने और केमिकल फर्टिलाइज़र पर निर्भरता कम करने के लिए ब्लॉक स्तर पर वर्मीकम्पोस्ट उत्पादन यूनिट स्थापित करने की ज़रूरत पर भी ज़ोर दिया। इस कार्यक्रम में वैज्ञानिकों, कृषि विभाग, सेंट्रल इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट सेंटर, कृषि विज्ञान केंद्रों, सरपंचों, दक्षिण अंडमान की आठ पंचायतों के पंचायती राज संस्थान के सदस्यों और किसानों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

दूरदर्शन केंद्र, द्वारा कल शाम साढ़े पांच बजे से मानसून के मौसम में पालतू जानवरों की देखभाल विषय पर लाइव फ़ोन–इन कार्यक्रम पेट टॉक – बियॉन्ड द बॉन्ड का प्रसारण करेगा। एनिमल हसबेंडरी ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, LFC डॉलीगंज की सीनियर वेटेरिनरी ऑफिसर डॉ. इंदरजीत कौर दर्शकों के सवालों के जवाब देंगी। दर्शक फ़ोन नंबर 245662 या 244745 पर कॉल करके इस लाइव फ़ोन–इन कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय, मायाबंदर में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की जा रही है। महाविद्यालय द्वारा कुल सात स्नातक पाठ्यक्रमों में विभिन्न विषयों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन प्रक्रिया 30 जून तक चलेगी।

<><><><><><><>